# क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत 30 तक पूरा करें : मंत्री

**बैठक**

**25** मई को हस्तांतरित सड़कों की मरम्मत 5 जून तक कर ली जाएगी

**30** मई के बाद सड़क खोदकर कोई नया काम शुरु नहीं होगा

- बैठक में शहर में मैनहोल को ढंकने, सड़क के गड्ढों को अभिलंब भरने का निर्देश



कार्यालय सभागार में बुधवार को विभागों की संयुक्त बैठक में शामिल पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन व अधिकारी।

**पटना, हिप्र।** पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन की अध्यक्षता में राजधानी की विभिन्न परियोजनाओं से क्षतिग्रस्त सड़कों की ससमय मरम्मत के लिए बैठक हुई। इसमें पथ निर्माण विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग तथा बुडको के अधिकारी मौजूद रहे।

संयुक्त बैठक में मंत्री ने कहा कि विभिन्न विभागों और एजेंसियों की परियोजनाओं के चलते राजधानी में सड़कें क्षतिग्रस्त हुई, जिन्हें पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया। इसकी मरम्मत 30 मई तक हर हाल में पूरा करें। मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि खुदाई के बाद छोड़ी गई क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत में किसी प्रकार का विलम्ब क्षम्य नहीं है। उन्होंने सभी एजेंसियों को खुले मैनहोल को ढंकने के साथ ही गड्ढों को भी अविलम्ब भरने को कहा। इससे आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। बैठक में नगर विकास एवं आवास विभाग की सभी एजेंसियों को निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन बिछाने के क्रम में क्षतिग्रस्त होने के बाद मरम्मत योग्य सभी सड़कों को 25 मई तक पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित करना सुनिश्चित करें। ताकि पथ निर्माण विभाग द्वारा 5 जून तक इन सड़कों की मरम्मति का कार्य भी पूर्ण किया जा सके। श्री नवीन द्वारा मानसून के दौरान सड़कों की स्थिरता और नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निर्देशित किया कि 30 मई के बाद ऐसा कोई भी नया कार्य प्रारंभ नहीं किया जाए, जिसमें सड़कों की खुदाई या क्षति हो। नई राजधानी पथ प्रमंडल में अब तक 12.787 किमी सड़क की मरम्मत पूरी कर ली गई है। पटना पश्चिम पथ प्रमंडल में 2.705 किमी में 1.755 किमी पर कार्य पूर्ण है। बैठक में नगर विकास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप कुमार आर पुडकलकट्टी, बी कार्तिकेय धनंजी, बुडको के प्रबंध निदेशक अनिमेष कुमार पराशर व अन्य थे।